# समाचार

## निगम के बांकीमोंगरा जोन में 64 लाख रू. के कार्यो का हुआ शुभारंभ

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान किया गया कार्य हेतु भूमिपूजन )




कोरबा 27 जून 2016 –नगर पालिक निगम कोरबा के बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत आने वाले 03 वार्डो में आज 64 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो का शुभारंभ कराया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित विविध कार्यक्रमों के दौरान उक्त विकास कार्यो हेतु भूमिपूजन संम्पन्न हुआ।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 54 सर्वमंगला मंदिर के पास स्थित वृद्धाश्रम में 05 लाख 72 हजार रूपये की लागत से रेनोवेशन का कार्य, वार्ड क्र. 54 सर्वमंगला नगर के बरमपुर चारपारा मोहल्ला, बरेठ मोहल्ला एवं शांतिपारा में 06 लाख 47 हजार रूपये की लागत से 02 नग आर.सी.सी. मंच का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 सर्वमंगला नगर में एस.जी.पी.कालोनी के पास 10 लाख 50 हजार रूपये की लागत से बाउण्ड्रीवाल व शेड का निर्माण, वार्ड क्र. 59 के मदरसा भवन में 10 लाख 92 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक हाल का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 59 के विकासनगर कुसमुण्डा साप्ताहिक बाजार के पास 13 लाख 54 हजार रूपये की लागत से किचनशेड का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 56 डगनियाखार के पंखादफाई के दशहरा मैदान में निर्मित मंच में 01 लाख 86 हजार रूपये की लागत से शेड का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 56 स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र भैरोताल में 07 लाख रूपये की लागत से विकास कार्य तथा वार्ड क्र. 56 अंतर्गत रक्सीपारा में 06 लाख 96 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. कलवर्ट का निर्माण कार्य किया जाना है। आज इन सभी कार्यो का भूमिपूजन महापौर एवं नगर विधायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि निगम के सभी वार्डो के समुचित विकास के लिए मैं सतत प्रयत्नशील हूँ तथा सभी वार्डो में वहां की जनता की मांग व आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, मेरा सदैव प्रयास रहता है कि मैं नागरिकबंधुओं को सभी आवश्यक मौलिक सुविधाएं बिना किसी अवरोध के उपलब्ध करा सकूॅं। इस अवसर पर नगर

विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि निश्चित रूप से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा क्षेत्र के विकास की दिशा में पूरी तत्परता के साथ कार्य किए जा रहे हैं, जो नगर विकास के लिए अच्छा संकेत है, आज निगम क्षेत्र में सैकडों विकास कार्य प्रगति पर है तथा काफी संख्या में कार्य हो रहे है। उन्होने कहा कि निगम द्वारा पानी, बिजली, सड़क, नाली एवं सड़क रोशनी जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ–साथ साफ–सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कोरबा पश्चिम की एक बड़ी समस्या पेयजल की समस्या है, इस समस्या से निपटने के लिए कोरबा पेयजल आवर्धन योजना भाग–2 की स्वीकृति शासन से प्राप्त हो चुकी है तथा शीघ्र ही वार्ड क्र. 43 से वार्ड क्र. 67 तक के लिए पेयजल व्यवस्था कार्य प्रारंभ कराया जाएगा तथा इस कार्य के पूर्ण हो जाने के पश्चात नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में आगामी 50 वर्षो तक के लिए समुचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होने कहा कि निगम द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र में बिजली सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी तेजी से कार्य किए जा रहे हैं तथा विद्युतविहीन बस्तियों में बिजली की सुविधा पहुंचायी जा रही है। निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, कांग्रेस कमेटी के शहर जिलाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, मेयर इन काउंसिल सदस्य भुनेश्वरी देवी, उषा दास महंत, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद प्रेमा चन्द्रा, पंचकुंवर पटेल, सृष्टि सूर्यमुखी सिंह, रूपादेवी मनहर, भानूमति जायसवाल, निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के. वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, सहायक अभियंता एन.के. नाथ, योगेश राठौर, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, कुसुम द्विवेदी, ममता अग्रवाल, संतोष लांझेकर, बसंत चन्द्रा, पूर्व पार्षद सनीष कुमार, अमरजीत सिंह, दुकालू श्रीवास, छबि वाल्मिकी, विनोद दास महंत, टीकाराम मनहर, सदर अब्दुल रउफ खान, असफाक अली, तस्लीम अंसारी, शेख गुलाम आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।